न्यूज डायरी

चार संकायों को मिले नए डीन

प्रो.देवेंद्र सिंह

प्रो.अरीब अंजुम रहमान

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में चार संकायों के लिए नए संकायाध्यक्ष (डीन) नामित किए गए हैं। कुलपति प्रो. पृथ्वीराज बहादुर सिंह ने यह नियुक्तियां संवानिवृत्ति और अधिवर्षिता आयु के कारण रिक्त हुए पदों के सापेक्ष की हैं। कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष पद पर जीएफ कलिज के जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. अरीब अंजुम रहमान को तदर्थ रूप से नामित किया गया है। वहीं, विश्वविद्यालय परिसर के प्रो. देवेंद्र सिंह को वाणिज्य संकाय का संकाय अध्यक्ष बनाया गया है। रहमान को विज्ञान संकाय का भी दायित्व सौंपा गया है। वहीं, प्रो. देवेंद्र सिंह को व्यवसाय प्रबंधन संकाय का संकाय अध्यक्ष भी तदर्थ रूप से नामित किया गया है। संवाद

राजकीय स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण सीखेंगी बालिकाएं

शाहजहांपुर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए डीआईओएस कार्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से 17 जुलाई तक आवेदन मांगे हैं। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के निर्देश पर जिले के 59 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में से 52 विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आवेदन पत्र डीआईओएस कार्यालय से या जिला प्रशासन की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र के साथ आवश्यक अभिलेख लगाकर 17 जुलाई तक कार्यालय या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संवाद

खुटार में स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

खुटार। स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लॉक परिसर से रैली निकाली गई। रैली को ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित और बीईओ मृत्युंजय कुमार यादव, बीईओ आशीष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पोएमबी प्राथमिक विद्यालय खुटार नंबर एक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटार, कंपोजिट कन्या विद्यालय खुटार, प्राथमिक विद्यालय खुटार नंबर तीन, प्राथमिक विद्यालय खुटार खास, प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर विक्रमपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अतिथियों ने अभिभावकों ने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करने की अपील की। रैली मेन मार्केट से मुख्य चौराहे होते हुई बीआरसी भवन पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में कई प्रधान, शिक्षक भी मौजूद रहे। संवाद

रैली निकालकर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

बंडा। स्कूल चलो अभियान के तहत जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। चाजपा विधायक चेतराम और ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बहुसंख्यितार को ब्लॉक मुख्यालय से निकाली इस रैली में प्रतिभागियों ने पेरक नारों वाली तख्तियां लें हुई थीं। अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपील की कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। संवाद

केजी से पीजी तक एक परिसर में शिक्षा के पक्षधर थे आचार्य विनोबा : कुलपति

विनोबा सेवा आश्रम में गोष्ठी में बोलते कुलपति प्रो.पीबी सिंह। अंत : आश्रम

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पृथ्वीराज बहादुर सिंह ने कहा कि विनोबा भावे केजी से पीजी तक एक ही परिसर में पढ़ाई के पक्षधर थे। यही मंशा कुलपतिपति की है। उसी के अनुरूप शिक्षा की यात्रा को आगे बढ़ाया गया है। इसमें एक कड़ी बालवाटिका की भी है। गांव के बच्चों के लिए इसकी बेहतर व्यवस्था बरतारा स्थित विनोबा विद्यापीठ कर रहा है।

बृहस्पतिवार को कुलपति ने बरतारा स्थित विनोबा सेवा आश्रम परिसर में बाल वाटिका का शुभारंभ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे आध्यात्मिक देश में बच्चों को अध्यात्म की पढ़ाई प्रारंभ से ही करानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ.अनुराग अग्रवाल, डॉ.बेण्डा, शिक्षाविद उर्मिला सक्सेना, आचार्य केशव चंद्र मिश्र ने भी विचार रखे। आश्रम की संस्थापक गिमला बहन ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार निदेशक मीना शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर रमेश धाड़ा, मिता सक्सेना, सुदश मिश्रा, गौरव पांडेय, विशन कुमार, प्रतिमा, रिंकी सक्सेना, कौशल, शिवम सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद

विनोबा सेवा आश्रम परिसर में बाल वाटिका का किया गया शुभारंभ

जन्मदिन मुबारक

विशाल गंगवार पुत्र वीरेपाल निवासी ग्राम कपूरपुर, खुटार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

निष्ठा पटेल पुत्री विनीत कुमार निवासी हसनपुर, बंडा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

सुधांशु शेखर पुत्र हरिओम शेखर निवासी बड़ी खास, शाहजहांपुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

उत्कर्ष श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार निवासी शास्त्री नगर, बंडा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

अगर आपके भी किसी बच्चे का जन्मदिन है तो हम भी आपकी खुशी में शरीक होंगे। इस संबंध में बच्चे का फोटो, जन्मदिन का ब्रुफ और अन्य विवरण हमें व्हाट्सएप नंबर 9368724151 पर जन्मदिन से एक दिन पहले शाम चार बजे तक भेजें। हम नि:शुल्क प्रकाशित करेंगे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बने स्विमिंग पूल में तैयार होंगे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी

एक घंटे के स्लॉट में होगी तैराकी, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ले सकेंगे प्रवेश, शुरू की गई कोच की तलाश

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

हरौड़ा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना स्विमिंग पूल। संवाद

शाहजहांपुर। स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयार जिले के पहले स्विमिंग पूल का संचालन जल्द शुरू होगा। यहां पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे। खिलाड़ियों को जिले से लेकर मंडल तक प्रतियोगिता में प्रशिक्षण कराकर स्पोर्ट्स कॉलेज व छात्रावास तक ले जाने की तैयारी है। स्विमिंग के लिए पुरुष व महिला कोच की तलाश प्रारंभ कर दी गई है।

पूर्व में लोधीपुर स्थित जोन नेव इंस्टीट्यूट में बने स्विमिंग पूल में माध्यमिक स्कूलों की स्विमिंग प्रतियोगिता कराई जाती थी। तैराकी को सीखने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं था। अब नए खेल के रूप में इसे विकसित करने के लिए खेल विभाग ने हरौड़ा स्टेडियम में साइकिल स्टैंड की जगह पर पांच करोड़ रुपये के बजट से स्विमिंग पूल का निर्माण कराया है।

25 मीटर लंबा और 12.5 मीटर चौड़ा व पांच से छह फुट गहरा पूल बनकर तैयार हो गया है। जनपद का पहला मानक स्विमिंग पूल है, जहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पूल में प्रशिक्षण के लिए एक पुरुष और एक महिला कोच की नियुक्ति का प्रयास किया जा रहा है।

दोनों को 25-25 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने का प्रस्ताव है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के लिए 20 हजार रुपये मानदेय पर लाइफ गार्ड की भी तैनाती की जाएगी। पूल पर लाइफ जैकेट, टयूब और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहेंगे।

तैराकी की इतनी रहेगी फीस- खिलाड़ियों और आम लोगों के लिए सुबह और शाम अलग-अलग स्लॉट निर्धारित किए जाएंगे। सुबह 5:30 बजे से 10 बजे तक और शाम चार से रात आठ बजे तक तैराकी की सुविधा मिलेगी। प्रत्येक बैच का समय एक घंटे का होगा। स्विमिंग पूल में बच्चों, किशोरों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों

प्रशिक्षण लेने या ले चुके खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ और सैफई स्थित स्विमिंग छात्रावास एवं स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश का अवसर मिल सकेगा। जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं के बाद चयनित खिलाड़ियों को मंडलीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका भी मिलेगा। -रमेशी बमनिया, जिला खेल अधिकारी

समेत सभी आयु वर्ग के लोग प्रशिक्षण ले सकेंगे। प्रवेश के लिए पंजीकरण कराना होगा। 18 वर्ष से कम आयु के लिए 500 रुपये और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वालों के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीकरण के समय दो फोटो और आधार कार्ड जमा कराना होगा।

RAMA HOSPITAL | INSTITUTE OF RENAL SCIENCES

अपनी किडनी को स्वस्थ रखें!

नियमित जांच करायें एवं किडनी अटैक से सुरक्षित रहें।

आयुष्मान, CMRF एवं कैशलेस से इलाज की सुविधा

- CRRT/CAPD/CCPD
- हेमोडायलिसिस
- पेरिटोनियल डायलिसिस
- गुर्दा प्रत्यारोपण
- साइटोकाइन्स
- प्लाज्मा एक्सचेंज
- क्रिटिकल केयर नेफ्रोलॉजी

24x7 Emergency

www.ramahospital.com

चिलखाना, हाइवे 7877775530 | मंधना, कानपुर 7310473105 | लखनपुर, कानपुर 7081570570 | बागपत 9520882967

चार बीईओ के पदोन्नत होने के बाद रिक्त बनों में अतिरिक्त प्रभार सौंपा

शाहजहांपुर। बेसिक शिक्षा विभाग में चार खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) की पदोन्नति होने के बाद रिक्त हुए विकास खंडों पर अतिरिक्त प्रभार आवंटित कर दिए गए हैं। बोरुसपुर जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि बीईओ विनय मिश्रा को दादरौल, यशवंत सिंह को कटरा-खुदागंज, मृत्युंजय यादव को सिंधौली, रमेश पंकज को तिलहर एवं नगर क्षेत्र शाहजहांपुर व अरविंद कुमार को मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। संवाद

विश्वविद्यालय के पोर्टल की टेस्टिंग शुरू सोमवार तक आरंभ होने की संभावना

पोर्टल शुरू होने के बाद कॉलेजों के ऑनलाइन आवेदन हो सकेंगे प्रारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में पोर्टल पर विश्वविद्यालय का डाटा फीडिंग का कार्य अंतिम चरण पर पहुंच गया है। कुछ कॉलेजों में डाटा में तकनीकी कमी व भुगतान खाते की टेस्टिंग के चलते देरी हो रही है। संभावना है कि सोमवार से पोर्टल शुरू हो जाएगा। उसके बाद प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो सकेंगे।

एमएम कॉलेज के गुनिवर्सिटी बनने के बाद जिले के 54 कॉलेजों को संबद्ध किया गया है। कॉलेजों की तरफ से भेजे गए डाटा को पोर्टल पर फीड किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के कुछ कॉलेजों के डाटा में तकनीकी कमी के चलते उसकी फीडिंग का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा। दूसरी ओर यूनिवर्सिटी ने एचडीएफसी बैंक का खाता लगाया है।

पोर्टल से उसकी मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। उसका गेट-वे बनने और पासवर्ड का कार्य शेष है। दूसरी ओर खाते में भगतान के भुगतान की टेस्टिंग भी करके देखी गई है। पोर्टल पर तकनीकी कमियों को दूर करने की दिशा में तेज गति से कार्य हो रहा है। संभावना है कि सोमवार तक कार्य को पूर्ण कर पोर्टल पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उसके बाद विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया को गति मिलेगी। प्रवेश समिति के प्रभारी आदित्य सिंह ने बताया कि पोर्टल से तकनीकी खामियों को दूर किया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद पोर्टल को प्रारंभ कर दिया जाएगा।

ऑफलाइन आवेदन शुरू कराए

जुलाई में डिग्री कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑफलाइन आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। फॉर्म्स को कॉलेजों में जमा करा रहे हैं। यूनिवर्सिटी का पोर्टल प्रारंभ होने पर ऑनलाइन आवेदन कराए जाएंगे।

HIKVISION | CP PLUS

24 घण्टे सुरक्षा

थोक विक्रेता (बरायूं-बोली-पीलीभीत)

मैगनम इलेक्ट्रानिक्स

33, 34 पुराने रोडवेज के सामने, बरेली मो. 9411699701

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो ग्राहक सेवा नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166 सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

Advt.

सांप काटे मरीजों के लिए महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल बना वरदान

मरणासन्न मरीजों को इलाज से मिली नई जिन्दगी

अस्पताल में मिलक, रामपुर, शाहजहाँपुर, बजीरगंज, बदायूँ, नवाबगंज, मिलक, रामपुर व फतेहगंज पश्चिमी आदि जगहों से कई मरीजों को जीवनदान मिला है। इनको साँप द्वारा काटा गया था और ये वेंटीलेटर व ओइआरो से झाड़-फूंक कराने के बाद मरणासन्न अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती कराये गये। उस समय सांसे थम रही थी, शरीर नीला हो रहा था और खून में ऑक्सीजन की मात्रा मात्र 30 प्रतिशत रह गई थी और शरीर में साँप का जहर पूरी तरह से फैल चुकाथा।

डा. महेन्द्र गंगवार एवं उनकी टीम ने बेसिक लाइफसपोर्ट व क्रिटिकल केयर के तहत तुरन्त वैन्टीलेटर लगाकर डूबती हुई श्वसों को सहारा दिया। साँप के जहर को बेअसर करने वाले इन्जेक्शन (पॉलीवैलेन्ट एन्टी स्नेक बीनम) भी लगाये। रक्तचाप बढ़ाने की दवाए भी दी। डा. महेन्द्र गंगवार ने बताया कि साँप काटने पर तुरन्त (मो. 9411090551 पर कॉल करे) और एलोपैथिक डाक्टर को दिखाये, झाड़ फूक कराने से मरीज को बचाने का समय व्यर्थ हो जाता है।



ज्यादातर साँप जहरीले नहीं होते हैं जिससे उनके काटने से मरीज को कोई नुकसान नहीं होता है और इसी का फायदा, झाड़-फूंक करने वाले व नीम हकीम लेते है। जहरीले साँप द्वारा काटने के बाद केवल एलोपैथी में ही पॉलीवैलेन्ट एन्टी स्नेक वीनम एवं क्रिटिकल केयर द्वारा इसका अचूक इलाज है। बिन मरीजों की जहरीले साँप ने नहीं काटा होता है। उनको 24-28 घन्टे अस्पताल की निगरानी में रखकर वापस कर भेज दिया जाता है। मैं जनता को सन्देश देना चाहता हूँ कि यदि किसी को साँप, कुत्ता, बिच्छू एवं अन्य जानवर काट ले तो तुरन्त ऐलोपैथिक डाक्टर से सम्पर्क करें। Mob:9411090551

राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए पांच शिक्षकों ने किया आवेदन

शाहजहांपुर। राज्य शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए जिले के पांच शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। अब इनके अभिलेखों का परीक्षण और चयन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

आवेदन करने वालों में सिंधौली विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय तेरा के प्रधानाध्यापक सरताज अली, उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजमपुर के प्रधानाध्यापक रामप्रसाद, कंपोजिट विद्यालय धनिगुरा के शिक्षक अरुण गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय कुतुबापुर सिंधौली की प्रधानाध्यापिका बबिता रानी श्रीवास्तव व कंपोजिट विद्यालय अकरौरसुलपुर की सहायक अध्यापक बुद्धि शर्मा शामिल हैं। अब चयन समिति आवेदकों के पृष्ठों की जांच करेगी। इसमें तीन बेस्ट आवेदकों को परिषद को भेजा जाएगा। बोरुसपुर जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि तय तिथि तक पांच आवेदन आए हैं। संवाद

बच्चों को खेलों में किया जा रहा माहिर-बेलराया।

प्राथमिक विद्यालय डांग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित खेलकूद का अभ्यास शुरू कराया है। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन मुरादाबादी बताते हैं कि विद्यालय में 85 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। संवाद

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) IIT INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY (Banaras Hindu University)

शैक्षणिक पदों हेतु विज्ञापन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिंदू विश्वविद्यालय), वाराणसी विज्ञापन संख्या IIT(BHU)/FA/Conventional Adv01/2026; ने सा-आचार्य एवं आचार्य एवं विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन संख्या IIT(BHU)/FA/Special Drive/01/2026; में केवल सहायक आचार्य हेतु विभिन्न विषयों में रिक्तियां हेतु योग्य एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। भारतीय मूल के विदेशी (PIOs) एवं विदेशी नागरिक भी केवल विज्ञापन संख्या IIT(BHU)/FA/Conventional Adv01/2026 में उपर्युक्त पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। तैपशिक पदों हेतु पात्रता, वेतनमान, विषयों का विवरण, संकेतक (यदि कोई हो) एवं अन्य समस्त जानकारी संस्थान की वेबसाइट http://iitbhu.ac.in/deans/dofa/recruitments पर उपलब्ध है। उपर्युक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन निर्धारित तिथि पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है: https://facultyrecruitment.iitbhu.ac.in

अभ्यर्थी ऑनलाइन पोर्टल के द्वारा दिनांक 10.07.2026 से आवेदन कर सकते हैं।
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.07.2026 तक है।

कुलसचिव

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS 17 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE

APPLY NOW!

ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27

SSVIT: B.Tech (AI. CS. IT. ME. EE. EC. CE. Data Science) M.Tech (CS. ME)
SSVIM: BBA (AKTU/MJPRU) • BCA (AKTU/MJPRU) • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM/ZBC/BIOTECH/H.Sc) • MBA • Int. MBA
SSVSP: Polytechnic (ME(A). ME(P). EE. EC. IT. CE)
SSVSN: GNM • ANM
SSVIP: D.Pharma • B.Pharma

Why Enroll @ SSVGI: 20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Top 5 Year | 1200+ Students Placed in Top MNCs | 2000+ Recruitment Offers | 550+ Recruitment Partners

CAREER-FOCUSED EDUCATION | BEST PLACEMENT IN THE REGION | HIGH-TECH ACADEMIC INFRASTRUCTURE | HIGHLY EXPERIENCED FACULTY

7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org

Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P

Bank of India Relationship beyond banking

सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना : 28.07.2026

गाजियाबाद जोन, बी-32, सैक्टर-62, नोएडा-201307

फोन: 0120-2404135

चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री नोटिस

परिशिष्ट - IV-A नियम 8(6) के प्रावधानों के तहत

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित है, का रचनात्मक / भौतिक कब्जा, बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार), के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 28.07.2026 को (पूर्वा 10.00 बजे से अपरां 05.00 बजे) की जाएगा।

ई-नीलामी / एसएमएस ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2026 (अपरां. 04.00 बजे तक) है। इच्छुक खरीदार अपने नाम पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/bidder-registration पर पंजीकृत करवाएंगे। और पासवर्ड ईएमडी सीमेंट में ई-नीलामी ऑनलाइन जमा करें।

बैंक को किसी भी कारण बिना कोई सूचना दिए नीलामी को स्थगित / रद्द करने का अधिकार है।

बेची जाने वाली संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है
बकाया की जानी वाली राशि (प्रतिभूत ऋण) और कब्जे का विवरण भी नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

क्र. सं.	शाखा का नाम और खाता / कर्जदार का नाम	सम्पत्ति का विवरण और मालिक	बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) कब्जे की स्थिति और तिथि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नाम और पदनाम / जिसके मोबाइल नम्बर ऊपर दर्ज कर सकता है
1	बैंक ऑफ इंडिया – सहारनपुर दिल्ली रोड शाखा खाता – (i) श्री लक्ष्य नारंग पुत्र श्री राज कुमार नारंग (ii) श्री राजीव खुराना पुत्र श्री हरीश खुराना	विक्रयार्थ सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट संख्या 40 का रकबेश्री, ग्राम, बसरा संख्या 1वहाल, वेब ग्राम नजीमाबाद तह हाजिरा बलिहरी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001, क्षेत्रफल 68.40 वर्ग मी., यह सम्पत्ति लक्ष्य नारंग पुत्र राज कुमार नारंग के नाम पर है। चौहद्दी – उत्तर-फ्लैट संख्या 48 का भाग, दक्षिण-अन्य की संपत्ति, पूर्व-सड़क 20 फीट तेरह, पश्चिम-फ्लैट संख्या 51	रु. 10,01,523.41 + भाग और ब्याज की समाप्ति की तिथि के (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा	₹ 19.00 लाख ₹ 1.90 लाख ₹ 0.19 लाख	28.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से अपरां. 05.00 बजे	सचिन कुमार
2	बैंक ऑफ इंडिया – सिलसाड़ा शाखा – आदर्श मोहन बालोनी पुत्र कमलेश मोहन बालोनी	विक्रयार्थ सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फर्स्ट, संख्या 134, गांव-सोहर, पोस्ट टाकन, तहसील- सिलसाड़ा पूर्वी जिला- पीलीभीत (यूपी) क्षेत्रफल 91.00 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री आदर्श मोहन बालोनी पुत्र कमलेश मोहन बालोनी के नाम पर है। चौहद्दी: उत्तर: सीमेंट जाने वाला रास्ता, दक्षिण: निजी मकान, पूर्व: सड़क 18 फीट, पश्चिम: निजी का प्लॉट	रु. 9,65,108.01 + भाग और ब्याज की समाप्ति की तिथि के (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा	₹ 10.49 लाख ₹ 1.05 लाख ₹ 0.11 लाख	28.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से अपरां. 05.00 बजे	सुनील कुमार
3	बैंक ऑफ इंडिया – न्यू बोरवी शाखा खाता – (i) रघु सिंह पुत्र श्री गोला राम (ii) मैसर्स न्यू लक्ष्मि टेंट हाउस एवं कंसोरियम (iii) नन्ही देवी पत्नी श्री रघु सिंह	सम्पत्ति – विक्रयार्थ सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खेत नंबर 219, ग्राम बौरिया गाधी, पोस्ट-इन्दाडगरगा, पारगना और तहसील और जिला बरेली (यूपी) क्षेत्रफल 74.41 वर्ग मीटर यह सम्पत्ति श्रीमती नन्ही देवी पत्नी रघु सिंह के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर: खेत छेकम और अन्य, दक्षिण: रास्ता 10'-0"फीता, पूर्व: इदेव का मकान, पश्चिम: खजन सिंह का मकान	रु. 7,39,194.96 + भाग और ब्याज की समाप्ति की तिथि के (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा	₹ 16.44 लाख ₹ 1.65 लाख ₹ 0.17 लाख	28.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से अपरां. 05.00 बजे	सुशील कुमार
4	बैंक ऑफ इंडिया – पीलीभीत शाखा खाता – (i) मैसर्स अम्बार पार्टीकुल सेंटर, प्रोपराइटर स्वतीश सिंघल (ii) अली खान पुत्र स्वतीश खुर्शीद खान (iii) श्री सिकंदर अली खान पुत्र स्वतीश खुर्शीद खान	सम्पत्ति 1 (पार्ट-I)- विक्रयार्थ मकान का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 133, मोहा-भूरी खान वाली सिया का चौराहा, पीलीभीत यूपी, क्षेत्रफल 53.00 वर्ग मी., संयुक्त रूप से श्री सिकंदर अली खान पुत्र स्वतीश खुर्शीद खान के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर: तौफीक अहमद का मकान, दक्षिण: सिराजद्दीन अली खान का प्लॉट, पूर्व: सिराजद्दीन अली खान का प्लॉट, पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट पार्ट-II – विक्रयार्थ मकान का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 133, मोहा-भूरी खान वाली सिया का चौराहा, पीलीभीत यूपी- 181.40 वर्ग मी., संयुक्त रूप से श्री सिकंदर अली खान पुत्र स्वतीश खुर्शीद खान और श्री सिकंदर अली खान पुत्र स्वतीश खुर्शीद खान के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: साबकीन खान और नईम खान का प्लॉट, पूर्व: खुर्शीद अली खान का रोड और मकान, पश्चिम: रविश केरन का मकान	रु. 20,23,744.63 + भाग और ब्याज की समाप्ति की तिथि के (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा	₹ 52.19 लाख ₹ 5.22 लाख ₹ 0.53 लाख	28.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से अपरां. 05.00 बजे	सुशील कुमार
5	बैंक ऑफ इंडिया – पूरनपुर शाखा खाता – पूनम बीबी पत्नी कारपरीर सैनी	आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग जोकि पुराना नगरपालिका नंबर 80, गौरी-केशवमाला इलाका मालक मोहल्ला बाग कॉलोनी, जिला मीरट के पास, मोहीनगर, पारगना- जलालाबाद, तहसील- मोहीनगर, जिला- गाजियाबाद, यू.पी.201204, जिसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज यानी 41.80 वर्ग मी. और जो श्रीमती पूनम सैनी, पत्नी श्री कारपरीर सैनी (ऋणकर्ता-बंधककर्ता) के नाम पर दर्ज है। चौहद्दी: उत्तर: 30'40"/रास्ता, दक्षिण: 30'40" पुरानीत का प्लॉट, पूर्व: 15'40"/निजता का मकान, पश्चिम: 15'00"/रास्ता	रु. 9,33,450.91 + भाग और ब्याज की समाप्ति की तिथि के (उसके बाद जमा राशि को घटाकर यदि कोई हो) सांकेतिक कब्जा	₹ 14.24 लाख ₹ 1.43 लाख ₹ 0.14 लाख	28.07.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे से अपरां. 05.00 बजे	राहुल सक्सेना

नियम और शर्तें

1) नीलामी बिडी / बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रणाली https://baanknet.com/eauction-psb/bidder-registration वेबसाइट के माध्यम से होगी।
2) नीलामी की तिथि और समय : 28.07.2026 (पूर्वा 10.00 बजे से अपरां 05.00 बजे तक अनेक 10 मिनट के अतिरिक्त विस्तार के साथ) संपत्ति वार जमा की अंतिम तिथि 28.07.2026 (अपरां. 04.00 बजे तक)
3) नीलामी आरक्षित मूल्य + पहले नीलामीबृद्धि मूल्य जैसा कि बैंक की वेबसाइट पर प्रतिलिखित है, पर शुरू होगी। जमानत राशि सम्पत्तियों के लिए नीलामदार बैंक की वेबसाइट पर प्रतिलिखित मुल्यों में अपनी बोली लगाएंगे। संपत्तियों को आरक्षित मूल्य और प्रथम नीलामीबृद्धि मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा।
4) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/bidder-registration पर अपना नाम पंजीकृत करवाना है, जिसके पश्चात उन्हें उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्रतिभाग अपने संपत्तियों संबंधित, मौल गंवा और ईमेल आईडी वेबसाइट पर जमा करें।
5) बोली को सभी पीडाता का संतोष के बाद के बाद बेचा जाएगा (यदि कोई)। प्राधिकृत अधिकारी संपत्तियों या किसी टिप्पणी रूप के अधिकारी / दायों का कारण के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6) प्राधिकृत अधिकारी के संतोषजनक प्रमाण और सुरक्षा के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। इच्छुक बोलीदाताओं को कागजात/संपत्तियों के सीमांक, सांकेतिक परिमाण/कब्जा रेखाएं/संपत्ति कर के बकाया आदि के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। वेबसाइट www.baanknet.com पर लॉग इन करके संपत्तियों को देखा जा सकता है। संपत्ति के भौतिक निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारी से कार्य समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।
7) सफल बोलीदाता/क्रेता संपत्ति की खरीद पर देय बिक्री मूल्य से 75% की राशि तीसरीदिन सहित सभी कर्ज को खत्म करेगा (यदि बिक्री मूल्य रु. 50 लाख/- और अधिक है)